ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

दो बेटियों, दिव्यांग मां के भरण-पोषण की जिम्मेदारी संभाल रहा था कमलेश

मारकुंडी(सोनभद्र)। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन स्थित चुड़िहर मंदिर के समीप रविवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव की शिनाख्त कर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान कमलेश 35 वर्ष पुत्र रामजीवन के रूप में हुई। अगोरी रेलवे स्टेशन के बड़े बाबू रामानंद ने बताया कि रात करीब 1:40 बजे मूरी एक्सप्रेस की चपेट में आने से कमलेश की मौत होने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि कमलेश लंबे समय से पारिवारिक समस्याओं से जूझ रहा था। वह अपनी दो बेटियों और दिव्यांग मां के साथ रहकर मेहनत-मजदूरी करता था और इसी के सहारे परिवार का भरण-पोषण करता था। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ गया। दो बेटियों और दिव्यांग मां के भरण-पोषण की जिम्मेदारी संभाल रहे कमलेश की मौत से परिजनों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। रेलवे पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

जंगल में महिला की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

शाहगंज(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में रविवार को एक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। 46 वर्षीय रामदुलारी कोल का शव महुअरिया जंगल में मिला। अमरावती अपने पति मुन्ना कोल के साथ जंगल गई थीं। हत्या के बाद पति ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी ने शव को देर रात शाहगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस सुसंगज धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

नहाते समय नदी में डूबने से बालक की मौत

बीजपुर(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अंजानी के टोला कोलिनमांड़ में सोमबार को नदी में नहाते समय डूबने से बालक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अंजानी गांव निवासी शिवप्रसाद यादव का 11 वर्षीय पुत्र लवकुश यादव नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसी दौरान गांव की उर्मिला यादव पत्नी प्रेमनाथ पास में ही बकरी चरा रही थीं। उन्होंने नदी में देखा कि बालक का सिर नीचे और पैर ऊपर की तरफ थे और वो डूब रहा था तो महिला ने उसे बचाने के लिए शोर शराबा किया तो शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गांव के लोग उसे पानी से बाहर निकल तो लिये लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डीएम ने पटवध-बसुआरी मार्ग, घाघर नदी पर निर्माणाधीन सेतु की प्रगति का लिया जायजा

नवंबर माह तक पुल का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति के क्रम में पटवध-बसुआरी मार्ग एवं घाघर नदी पर निर्माणाधीन सेतु परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पटवध से बसुआरी मार्ग परियोजना की भौतिक प्रगति वर्तमान में 43 प्रतिशत है। इस परियोजना को पूर्ण करने की पुनरीक्षित तिथि 31 मार्च 2027 निर्धारित है। इसी मार्ग पर मुख्य जिला मार्ग के किलोमीटर-3 में घाघर नदी पर सेतु एवं पहुंच मार्ग का निर्माण जिला खनिज न्यास फाउंडेशन की परियोजना के अंतर्गत कराया जा रहा है। इस परियोजना की भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत है तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 31 अक्टूबर है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एवं संबंधित विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि घाघर नदी पर निर्माणाधीन पुल का निर्माण नवंबर माह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही पटवध-बसुआरी मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए उसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हों। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराकर आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार, अपर संख्याधिकारी जय सिंह, अधिशासी अभियंता मनोज नायक, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा

रोक लगाने में पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

अनपरा(सोनभद्र)। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में कथित तौर पर जगह-जगह कच्ची शराब का अवैध कारोबार संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। आरोप है कि कुछ स्थानों पर चोरी-छिपे कच्ची शराब तैयार कर उसकी बिक्री की जा रही है, लेकिन इस पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से अभियान चलाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है स्थानीय लोगों का कहना है कि ममुआर, स्वीपर बस्ती अनपरा परियोजना, लालटावर, परासी, गरबंधा, दुल्लापाथर, औड़ी डिग्री कालेज के पीछे बस्ती क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण की गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो यह पुलिस और आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था के लिए गंभीर सवाल है। कच्ची शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इसके बावजूद कथित अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। लोगों ने जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और आबकारी विभाग के अधिकारियों से अनपरा थाना क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाकर संदिग्ध स्थानों की जांच कराने, अवैध शराब निर्माण और बिक्री में संलिप्त लोगों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

शारदीय नवरात्र पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

रेणुकूट(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्रि के मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल निर्देशन में पिपरी थानाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार की शाम नगर में पुलिस बलों के साथ फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव पुलिस बलों के साथ रेणुकूट बाजार, हिंडालको कालोनी परिसर, काली मंदिर, शिवापार्क गुरुद्वारा के पास दुर्गा मंदिर होते हुए रेणुक्केश्वर महादेव मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर मिताली क्लब, और रामलीला मैदान भ्रमण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने लोगों से शांति के साथ त्यौहार मनाने का अपील किया। भीड़भाड़ वाले स्थान पर गाड़ी न खड़ा करने, किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील किया।

शिक्षक, स्नातक निर्वाचन-२०२६ के लिए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं, आयोग के निर्देशों का करें अनुपालन-डीएम

२३ को प्रातः आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा मतदान, मतदान कार्मिकों को बैलेट बाक्स संचालन का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

सोनभद्र। विधान परिषद वाराणसी खंड शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं प्रशिक्षकों की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दिवस 23 अक्टूबर तथा मतदान से एक दिन पूर्व 22 अक्टूबर को की जाने वाली तैयारियों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही बैलेट बॉक्स को खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि मतदान कार्मिक निर्वाचन प्रक्रिया को निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न करा सकें। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने समस्त पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व है, जो सामान्य शासकीय कार्यों से अलग है। इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरता एवं सजगता के साथ ग्रहण करें, जिससे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि जनपद में शिक्षक निर्वाचन के लिए 21 तथा स्नातक निर्वाचन के लिए 13 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मतदान से एक दिन पूर्व 22 अक्टूबर को मतदान दल कलेक्ट्रेट परिसर से अपने निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रस्थान से पूर्व मतदान दलों को उपलब्ध कराई जाने वाली निर्वाचन सामग्री, जिसमें बैलेट बॉक्स, मतदाता सूची, निर्वाचन लड़ रहे उम्मीदवारों की सूची एवं अन्य आवश्यक सामग्री का भली-भांति मिलान कर लिया जाए। इसके उपरांत मतदान दल निर्धारित मतदेय स्थलों पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि 23 अक्टूबर को मतदान प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत मतदान दल निर्वाचन सामग्री के साथ कलेक्ट्रेट परिसर वापस आएंगे। सभी संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन संबंधी सभी दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्पक्षता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें।

मां के जागरण में रात भर गीतों से झूमते रहे श्रद्धालु

एनटीपीसी रिहंद के रिहन्देश्वर मंदिर पर देवी जागरण का आयोजन

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी परिसर में स्थित प्रसिद्ध रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन देवी जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्तिमय वातावरण में मां भगवती की आराधना की गई तथा भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर देर रात्रि तक गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय असाटी तथा महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने संयुक्त रूप से माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की। महाप्रबंधक प्रचालन पी.के. नायक, पूजा समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक एन एस कोरंगा, महासचिव विजेंद्र कुमार मीना, मंदिर समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक योगेश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष जी सी साहु, आर एन वर्मा ने आरती किया। परियोजना प्रमुख ने मां सरस्वती की विशेष कृपा प्राप्त दिव्यांग गायक मिथिलेश शर्मा, उपमहाप्रबंधक प्रदीप सिंह, पंकज कश्यप, अज्ञात मिश्रा, सुभाष गुप्ता आदि कलाकारों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इन गायकों के साथ तेरह वर्षीय तबला वादक सुशांत सिंह, ढोलक पर संगत देने वाले रणवीर बहादुर सिंह ,आर्गन वादक राहुल को भी अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। भगवती जागरण का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। भक्तों से सज रहा है मां का दरबार आदि भजनों पर भक्तजन झूमते रहे। सभी गायकों ने अपनी गायकी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, संजय कुमार, विजय गुप्ता, सोनी पांडेय, अवनीश पांडेय, भीष्म सिंह आदि मौजूद रहे।

फिर फटा हाइवा का टायर, गिट्टी लगने से राहगीर जख्मी

बीजपुर(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के जरहा गांव स्थित चेतवा मोड़ के पास सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब रेणुकूट-बीजपुर मुख्य मार्ग पर दौड़ रहे एक हाइवा का टायर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के ग्रामीण सहमकर घरों से बाहर निकल आए।टायर फटने के तीव्र दबाव से सड़क पर पड़ी गिट्टियां छिटककर दूर-दूर तक जा गिरीं। इस दौरान सड़क किनारे खड़ी एक मारुति ईको गाड़ी गिट्टी की चपेट में आने से उसका पिछला शीशा चकनाचूर हो गया वहीं उछली गिट्टियों की जद में आकर वहां से गुजर रहे कुछ राहगीर भी चोटिल हो गए। आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति संभाली। क्षेत्र में ओवर लोड भारी वाहनों के कारण लगातार ऐसे हादसे हो रहे हैं। बीते गुरुवार को भी जरहा के ही पोथी पाथर इलाके में एक राख लदे हाइवा का टायर फटने से आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि रिहायशी इलाकों में भारी और अनियंत्रित वाहनों की रफ्तार पर यदि जल्द रोक नहीं लगाई गई तो कभी भी कोई बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता है।

विधानसभा निर्वाचन में ईवीएम,वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रारंभ

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा की जा रही मशीनों की जांच

सोनभद्र। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के क्रम में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत जनपद सोनभद्र में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का कार्य सोमवार 12 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बीईएल) के इंजीनियरों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम,वीवीपैट गोदाम, लोढ़ी, सोनभद्र में मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जा रही है। इस दौरान जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का निरीक्षण कर फर्स्ट लेवल चेकिंग के कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं इंजीनियरों से चेकिंग प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निर्वाचन आयोग के गोपीनाथ कुअर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, स्टेट ईवीएम नोडल आफिसर ने भी प्रथम लेवल ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनो का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के इंजीनियर उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों ने रजत पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

अनपरा(सोनभद्र)। मेरठ में प्रदेश स्तरीय 52वीं उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर अन्तर परियोजना डिस्काम की क्रिकेट एवं कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें अनपरा परियोजना के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट तथा कुश्ती में रजत पदक जीतकर अनपरा परियोजना एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर अनपरा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं अजय कटियार, महाप्रबंधक प्रशासन इं. एस. एन. मिश्रा, इं चन्द्रमा प्रसाद अधीक्षण अभियंता मुख्यालय, वैयक्तिक सहायक अधिष्ठान इं. रमेश कुमार, इं . शैलेश यादव, इं. प्रवीण कश्यप, एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्रीड़ा सचिव इं अनिल कुमार एवं क्रीड़ा समन्वयक इं धर्मेन्द्र कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा संबंधित टीम के सदस्यों को बधाई दी। क्रिकेट में सौरभ चंद्र यादव की कप्तानी और गेंदबाजी, दिनेश पनिका (सोनू) और श्रीकांत का आलराउंडर प्रदर्शन, उमेश और अंजनी की धैर्य, संयम और जीतने के जज्बे वाली पारी के साथ उच्चस्तरीय गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण के साथ सभी खिलाड़ीयों की एकता और सामंजस्य से यह सफलता हासिल किया है। पूर्व कप्तान भारतीय दिव्यांग टीम लव वर्मा मेरठ उपस्थित होकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं का उत्साह वर्धन किया। टीम के प्रबंधक ललित कुमार ने खिलाड़ियों का बखूबी साथ दिया। वहीं कुश्ती प्रतियोगिता में पंकज सिंह स्वर्णपदक, ऋषिकेश, संदीप रमन, आनन्द कुमार ने रजत पदक, पवन विश्वकर्मा, हिमांशु शुक्ला, राजकुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

खेलकूद प्रतियोगिता में रमन हाउस को मिला प्रथम स्थान

चुर्क(सोनभद्र)। स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल चुर्क शाखा में तीन दिवसीय वार्षिक अर्न्तसदनीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। विद्यालय के प्रणेता श्री श्री श्री 1008 स्वामी हरसेवानन्दजी महाराज के तैलचित्र पर सचिव व प्रबन्धक बाबा प्रकाशध्यानानन्द ने माल्यार्पण, दीपप्रज्जवलित किया। विद्यालयों में अनुशासन, अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ उनके स्वस्थ्य मन एवंतन के विकास के लिए खेलों का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। इसी श्रृंखला में स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल चुर्क की अर्न्तसदनीय खेल में चारों सदन विवेकानन्द, टैगोर, दयानन्द, और रमन के प्रतिभागी टीमों ने अपने-अपने खेल का आकर्षक प्रदर्शन गहमागहमी के बीच किया। विद्यालय के सचिव व प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानन्द के आर्शीवचन व शुभकामना से खेल महोत्सव का समापन हुआ। तीन दिवसीय वार्षिक अर्न्तसदनीय खेलकूद प्रतियोगिता में रमन हाउस प्रथम स्थान, दयानंद हाउस द्वितीय स्थान, विवेकानन्द हाउस तृतीय स्थान एवं टैगोर हाउस को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव व प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानन्द ने शील्ड, ट्राफी, मेडल, प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर गोरखनाथ, अर्जुन मौर्या, प्रांजली सिंह, चंचला मिश्रा, आलोक तिवारी, शिवप्रसाद, निर्मला यादव, आंचल पटेल, शुभम प्रजापति, सुप्रिया, मौर्या, संतोष विश्वकर्मा, रजनी सिन्हा, शशीराना, सुधादेवी, सुषमा पाण्डेय, पूजा, सीमा, दीपा मौजूद रहीं। संचालन फरहीन सिद्दीकी ने किया।

प्रेम प्रसंग में नाराजगी के बाद टावर पर चढ़ी युवती

अनपरा(सोनभद्र)। तापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित शॉपिंग सेंटर के पास एक युवती नेटवर्क टावर पर चढ़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस, परियोजना की सिक्योरिटी टीम और दमकल कर्मियों ने युवती को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास किया। युवती बीना चौकी क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है। चर्चा है कि अनपरा निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग में नाराजगी के बाद वह टावर पर चढ़ गई। हालांकि, घटना की वास्तविक वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। युवती के घंटों टावर पर रहने से मौके पर अफरा-तफरी और चिंता का माहौल बना रहा। पुलिस ने उससे बातचीत कर नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास किया। वहीं, सुरक्षा टीम और दमकल कर्मी भी उसे सुरक्षित उतारने में जुटे रहे। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

खाई में गिरी तेज रफ्तार बाइक, दो घायल

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर थाना क्षेत्र के कांचन गांव के समीप रविवार रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट खाई में गिर गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कांचन गांव निवासी 18 वर्षीय रामकेश्वर विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय प्रेम सुदान और पिंडारी गांव निवासी 16 वर्षीय अजय पुत्र अकबर यादव रविवार रात एक ही बाइक से कठबंधवा मोड़ से पिंडारी जा रहे थे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

दुकानदारों और ग्राहकों में वितरित किये कपड़े के थैले

शक्तिनगर(सोनभद्र)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा रविपार को संडे मार्केट में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जरिए आमजन को स्वच्छता, साफ-सफाई, कचरे के उचित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। सार्वजनिक स्थलों को साफरखने, कचरे का उचित प्रबंधन करने तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संडे मार्केट के दुकानदारों, ग्राहकों और अन्य लोगों के बीच कपड़े के थैलों का वितरण भी किया गया। इसका उद्देश्य प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग को कम करना और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना था। इस पहल के माध्यम से लोगों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ मंडल के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर डी.एन. पांडेय उप महाप्रबंधक टाउनशिप सिविल, नरेश कुमार उप महाप्रबंधक मानव संसाधन तथा डा. ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन मौजूद रहे।

नारद ने भगवान विष्णु को दिया श्राप

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा विगत 61 वर्षों से निरंतर आयोजित किए जा रहे ऐतिहासिक रामलीला मंचन का शुभारंभ रविवार को हिण्डाल्को रामलीला मैदान में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हिण्डाल्को रेणुकूट के मुखिया श्री समीर नायक, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा सिंह ने विधिवत श्री गणेश पूजन तथा श्रीरामचरितमानस पूजन के साथ किया। इस मौके पर प्रोजेक्ट हेड राजेश कपूर, रिडक्शन प्लांट हेड जयेश पवार, सेफ्टी हेड जयश्री तिवारी, जनसंपर्क विभाग प्रमुख यशवंत कुमार, सुरक्षा विभाग प्रमुख करनदीप सिंह, तथा रामलीला परिषद् के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी गणेश पूजन एवं आरती की। मुख्य अतिथि समीर नायक ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्यनिष्ठा एवं लोककल्याणकारी जीवन मूल्यों को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाली अनुपम धरोहर है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सुख, समृद्धि एवं सद्भाव की कामना की। रामलीला मंचन के प्रथम दिवस लगभग 250 कलाकारों ने एक साथ मंच पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम दिवस की लीलाओं में नारद मोह, मनु-शतरूपा की घोर तपस्या एवं भगवान नारायण से पुत्र रूप में अवतार का वरदान प्राप्त करना तथा रावण द्वारा भगवान शिव से चंद्रहास तलवार की प्राप्ति जैसी लीलाओं का सजीव एवं मनोहारी मंचन किया गया।